ज्ञान शांति मैत्री

**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

**जनसंपर्क कार्यालय**

**PUBLIC RELATIONS OFFICE**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

## हिंदी विवि में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर हुआ विशेष व्याख्यान
## विभाजन विभीषिका प्रदर्शनी का हुआ उद्घाटन

**वर्धा, 14 अगस्त 2026 :** महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में शुक्रवार, 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। भारत विभाजन के दौरान हुई मानवीय त्रासदी, विस्थापन एवं पीड़ा को स्मरण करते हुए नई पीढ़ी को

उस दौर के ऐतिहासिक अनुभवों से अवगत कराना तथा राष्ट्रीय एकता, सामाजिक समरसता एवं आपसी सद्भाव के महत्व को रेखांकित करना इस आयोजन का उद्देश्य था। इस अवसर पर वाचस्पति भवन में विभाजन विभीषिका प्रदर्शनी का उद्घाटन किया गया।

महादेवी वर्मा सभागार में आयोजित व्याख्यान में मुख्य अतिथि राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज विश्वविद्यालय, नागपुर के सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ के अधिष्ठाता प्रो. शामराव कोरेटी ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि विभाजन के कारण लाखों महिला, पुरूषों का संहार हुआ और कई लोग इस भयानक त्रासदी के शिकार बने। विभाजन की घोषणा 03 जून 1947 को हुई परंतु इसका कोई सटीक विश्लेषण नहीं हो

पाया। उन्होंने देश के कई हिस्सों में विभाजन को लेकर हुई नरसंहार की घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि यह घटना रक्तरंजीत इतिहास की याद दिलाती है। उन्होंने कहा कि हमें आज़ादी की भारी कीमत चुकानी पड़ी। उन्होंने विभाजन में मारे गए लोगों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके द्वारा दी गयी कुर्बानी का स्मरण किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता साहित्य विद्यापीठ के अधिष्ठाता प्रो. अवधेश कुमार ने की। उन्होंने अखंड भारत के लिए भाईचारा और शांति के द्वारा काम करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम का प्रारंभ कुलगीत से तथा समापन राष्ट्रगीत एवं राष्टगान से किया गया। कार्यक्रम का संचालन संगोष्ठी के संयोजन डॉ. बालाजी चिरडे ने किया। इस अवसर पर प्रो. प्रीति सागर, डॉ. अशोक नाथ त्रिपाठी, डॉ. रामानुज अस्थाना, डॉ. राकेश मिश्र, डॉ. राजेश लेहकपुरे, डॉ. जयंत उपाध्याय, डॉ. राम प्रकाश यादव, डॉ. संदीप सपकाले, डॉ. शैलेश मरजी कदम, डॉ. रूपेश कुमार सिंह, डॉ. रेणु सिंह, डॉ. मुन्नालाल गुप्ता, डॉ. मीरा निचळे, डॉ. सूर्य प्रकाश पाण्डेय, डॉ. कोमल कुमार परदेशी, डॉ. रणंजय कुमार सिंह, बी.एस. मिरगे सहित बड़ी संख्या में शोधार्थी एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

## हिंदी विश्वविद्यालयात विभाजन विभीषिका स्मृती दिनानिमित्त विशेष व्याख्यान
## विभाजन विभीषिका प्रदर्शनीचे झाले उद्घाटन

**वर्धा, 14 ऑगस्ट 2026 :** महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालयात शुक्रवार, 14 ऑगस्ट रोजी विभाजन विभीषिका स्मृती दिनानिमित्त विशेष व्याख्यानाचे आयोजन करण्यात आले. भारताच्या फाळणीदरम्यान झालेली मानवी शोकांतिका, विस्थापन आणि वेदना यांचे स्मरण करणे, तसेच नव्या पिढीला त्या काळातील ऐतिहासिक अनुभवांची जाणीव करून देणे आणि राष्ट्रीय एकात्मता, सामाजिक समरसता व परस्पर सौहार्दाचे महत्त्व अधोरेखित करणे हा या आयोजनाचा उद्देश होता. यावेळी वाचस्पति भवनात विभाजन विभीषिका प्रदर्शनीचे उद्घाटन करण्यात आले.

महादेवी वर्मा सभागृहात आयोजित व्याख्यानात प्रमुख पाहुणे म्हणून राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज नागपूर विद्यापीठातील सामाजिक विज्ञान विद्याशाखेचे अधिष्ठाता प्रो. शामराव कोरेटी यांनी मार्गदर्शन केले. ते म्हणाले की, फाळणीमुळे लाखो महिला-पुरुषांची हत्या झाली आणि अनेक जण या भीषण शोकांतिकेचे बळी ठरले. फाळणीची घोषणा 3 जून 1947 रोजी झाली. मात्र तिचे अचूक विश्लेषण होऊ शकले नाही. देशाच्या विविध भागांत फाळणीच्या काळात झालेल्या नरसंहाराच्या घटनांचा उल्लेख करत त्यांनी ही घटना रक्तरंजित इतिहासाची आठवण करून देणारी असल्याचे सांगितले. ते म्हणाले की स्वातंत्र्यासाठी आपल्याला मोठी किंमत मोजावी लागली. त्यांनी फाळणीमध्ये मृत्युमुखी पडलेल्या व्यक्तींना श्रद्धांजली अर्पण करून त्यांच्या बलिदानाचे स्मरण केले.

कार्यक्रमाच्या अध्यक्षस्थानी साहित्य विद्यापीठाचे अधिष्ठाता प्रो. अवधेश कुमार होते. त्यांनी अखंड भारतासाठी बंधुभाव आणि शांततेच्या माध्यमातून कार्य करण्याचे आवाहन केले. कार्यक्रमाची सुरुवात कुलगीताने तर समारोप राष्ट्रीय गीत आणि राष्ट्रगीताने झाला. कार्यक्रमाचे संचालन संगोष्ठीचे संयोजक डॉ. बालाजी चिरडे यांनी केले.

या प्रसंगी प्रो. प्रीती सागर, डॉ. अशोक नाथ त्रिपाठी, डॉ. रामानुज अस्थाना, डॉ. राकेश मिश्र, डॉ. राजेश लेहकपुरे, डॉ. जयंत उपाध्याय, डॉ. राम प्रकाश यादव, डॉ. संदीप सपकाले, डॉ. शैलेश मरजी कदम, डॉ. रूपेश कुमार सिंह, डॉ. रेणु सिंह, डॉ. मुन्नालाल गुप्ता, डॉ. मीरा निचळे, डॉ. सूर्य प्रकाश पाण्डेय, डॉ. कोमल कुमार परदेशी, डॉ. रणंजय कुमार सिंह, बी.एस. मिरगे यांच्यासह मोठ्या संख्येने शोधार्थी व विद्यार्थी उपस्थित होते.